# मासिक रिपोर्ट

अंक :159 जून 2015

Estb : 1959
Reg. No. 94 / 68-69

नियमित प्रकाशन का चौदहवां वर्ष


सेवा में

स्वैच्छिक सेवा का 56 वां वर्ष

- जून 2015 में 29 कार्य दिवस। सदस्यों की दैनिक औसत उपस्थिति – 11
- उदयपुर का तापमान जून माह में : अधिकतम 37.6.° सेल्सियस, न्यूनतम 21.4° सेल्सियस रहा।
- मई माह की **मासिक रिपोर्ट, लोकविज्ञान, तथा लहर** प्रकाशित हुई तथा सभी सदस्यों एवं वि ष्टिजनों को प्रेषित की। कुछ सदस्यों को विदेश में ई–मेल द्वारा भी भेजी गई।

**आर्थिक सहयोग-**

**• स्वर्ण जयन्ती समारोह सम्बन्धी सहयोग – श्री शांतिलाल भंडारी, श्रीमती शकुन्तला धाकड़, श्री एल.एल. चन्डाल्या, श्रीमती शैल गुप्ता, प्रो. सुशीला अग्रवाल, श्री आर.के. खोखावत, इंजी. श्री अरूण कोठारी, श्री प्रकाश तातेड़, श्री अविनाश भटनागर, श्री गणेश डागलिया, श्री जे.एस. पोखरना, श्री सुरेन्द्र भटनागर, श्री अरूण सरूपरिया, डॉ. के. पी. तलेसरा, श्री के.एस. सिसोदिया, डॉ. एन.एल. कच्छारा, श्री बी.एल. मंत्री, (सभी से 1000/– रू)। श्री रवीन्द्र भटनागर, 1100/–रू., श्री सुरेश चंद्र मेहता, 2000/–रू., श्रीमती चंद्रा भंडारी 2000/–रू. एवं अन्य कुल 47,100 रू.।**

**• सदस्यता राशि – श्री शांतिलाल भण्डारी 5000 रू.**

**•वार्षिक सहयोग राशि–श्री जे.एस. दवे, श्री अविनाश भटनागर, श्रीमती प्राची भटनागर(1000 रू. प्रत्येक से)**

**• दर्शन विज्ञान संबंधी संगोष्ठी – डॉ. तेजसिंह जी धाकड़ 10,000 रू.**

**कार्यकारिणी की बैठक**

विज्ञान समिति कार्यकारिणी की बैठक 22 जून को समिति के परिसर में आयोजित हुई। जिसकी अध्यक्षता कार्यकारी अध्यक्ष **डॉ. एल.एल. धाकड़** ने की(अध्यक्ष के.एल. कोठारी अस्वस्थ थे)। 30 जून को प्रस्तावित स्वर्ण जयन्ती समारोह एवं **डॉ. के.एल. कोठारी** मंगल समारोह(80 वर्ष की पूर्णता पर) मनाए जाने की स्वीकृति दी गई तथा इस आयोजन पर प्रकाशित होने वाली स्मारिका पर 1,11,000रू. और कार्यक्रम के आयोजन हेतु कुल 1,25,000रू. की स्वीकृति प्रदान की गई। **डॉ. धाकड़** ने कार्यक्रम की रूपरेखा बताई। दो नए सदस्य **श्री शांतिलाल जी भंडारी, डॉ. जैनन्द्र कुमार दोषी** की सदस्यता स्वीकृत की गई।

**विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी**

- **लोक विज्ञान** का जून अंक प्रकाि त हुआ। इसमें **मानव मस्तिष्क की स्मृति बोध में भूमिका–1,बालों की सावधानी, हँसना श्रेष्ठ औषधि, जीते जी रक्तदान, मरणोपरान्त नेत्रदान** आदि सामग्री प्रकाि त की गई।

**महिला सशक्तीकरण**

***नवाचार महिला प्रकोष्ठ :*** इस प्रकोष्ठ की मासिक बैठक 10 जून को आयोजित हुई। बैठक में 40 महिलाएं उपस्थित थीं। **श्रीमती निर्मला सोनी ए**वं उनकी टीम ने आम द्वारा आइसक्रीम, पकोड़े, कलाकन्द, आम मोकटेल आदि व्यंजन सिखाए। महिलाओं को मोटापा कम करने के एवं स्वस्थ रहने की योग क्रियाएं एवं उपचार बताए गए।

***वरिष्ठ महिला प्रकोष्ठ :*** इस प्रकोश्ठ की मासिक बैठक 20 जून को आयोजित हुई। बैठक में 60 महिलाएं उपस्थित हुई । आमोद प्रमोद एवं नई जानकारियों सम्बन्धी कार्यक्रम आयोजित हुए।

***ग्रामीण महिला चेतना शिविरः*** इस शिविर का वार्षिक समारोह 30 जून को आयोजित किया गया। 6 गांवों की 110 महिलाएं उपस्थित थीं। प्रारम्भ में कुछ प्रतियोगितात्मक खेल **श्रीमती मंजु सिंघवी** के नेतृत्व में आयोजित हुए तत्पश्चात् योग विशेषज्ञ **श्री नेत्रपाल सिंह एवं श्रीमती तारा चौहान** ने योग क्रियाएं सिखाई। चाय के ब्रेक के बाद महिलाएं जो उत्पाद लाई थीं उना मूल्यांकन कर अंक दिए। **डॉ. के.एल. कोठारी** के अस्सी वर्ष की पूर्णता पर उन्हें सभी ने बधाई दी। खेल एवं उत्पाद प्रतियोगिताओं में विजेताओं को पारितोषिक दिए गए। इस अवसर पर **डॉ. कोठारी** ने विज्ञान समिति की संक्षिप्त कहानी बताई और महिलाओं से अपील की कि वे भी स्वैच्छिक सेवाओं का सोच बनाए तथा अपनी क्षमतानुसार सेवा कार्य करती रहें। उनको हर बैठक में अधिक से अधिक संख्या में आने को प्रेरित किया। **श्री प्रकाश जी तातेड़** ने कई रोचक प्रश्न पूछे और उत्तर देने वाले को पारितोषिक दिए। विधिक सेवा से आई टीम ने महिलाओं को सरकारी योजनाएं, घरेलु हिंसा और महिलाओं के अधिकार सम्बन्धी चर्चा की। डॉ. कोठारी द्वारा सभी उपस्थित महिलाओं के नींबू, अमरूद, करौंदे के पौधे बांटे गए तथा विज्ञान समिति की तरफ से भिंडी, तौराई, करेला, ग्वार के बीजों के पैकेट वितरित किए गए। **इस संपूर्ण कार्यक्रम का सुंदर आयोजन प्रो. सुशीला अग्रवाल, श्रीमती पुष्पा कोठारी, श्रीमती शकुंतला धाकड़, डॉ. शैल गुप्ता, श्रीमती रेणु भंडारी, श्रीमती प्राची भटनागर, श्रीमती मंजुला शर्मा द्वारा किया गया।** महिलाओं

को भोजन कराया एवं यात्रा भत्ता दिया ।

### स्वास्थ्य सेवाएं

***निःशुल्क एक्यूप्रेशर शिविर :* विज्ञान समिति, महावीर इन्टरनेशनल व आरोग्य एक्यूप्रेशर उपचार, शोध एवं प्रशिक्षण प्रन्यास,** उदयपुर के संयुक्त तत्वावधान में निः ुल्क एक्यूप्रे ार ि ाविर प्रत्येक गुरुवार व भानिवार को सायं 5 से 6.30 बजे तक सफलतापूर्वक आयोजित हुए। जून माह में 8 शिविर हुए जिसमें 162 **रोगियों** की चिकित्सा की गई।

***श्री बिजयकुमार सुराणा स्मृति निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर :* विज्ञान समिति, अशोकनगर जैन सोसायटी, अणुव्रत समिति, महावीर इंटरनेशनल, एम.बी.कॉलेज पूर्व छात्र परिषद** के संयुक्त तत्वावधान में **चौबीसवां शिविर** दिनांक 21 जून 2015 तृतीय रविवार को आयोजित किया गया। इस चिकित्सा ि ाविर में **डॉ.एल.के. भटनागर, वरिष्ठ फिजिशियन,डॉ.आई.एल.जैन, वरिष्ठ फिजिशियन, डॉ. मुकेश प्रजापत आयुर्वेद विशेषज्ञ, डॉ. निवेदिता पटनायक, होम्योपेथिक विशेषज्ञ, डॉ. भानु प्रकाश ईएनटी विशेषज्ञ, डॉ. दिप्ती बंसल नेत्र रोग विशेषज्ञ अलख नयन मंदिर, दर्शन डेंटल कॉलेज की टीम, श्री कल्पेश पूर्बिया फिजियोथेरेपिस्ट एवं एक्यूप्रेशर टीम** ने अपनी **मानद चिकित्सा परामर्श** सेवाएं यथावत प्रदान की। साथ ही श्री **अंकित नागोरी,श्री कमलेश चौबीसा, एल.बी. पहाड़िया एवं अविनाश शर्मा** ने रोगियों की 42 ब्लड शुगर, 9 $HbA_1C$ की जांचें की। सभी के प्रति आभार। इस ि ाविर में कुल 45 नागरिकों का (18 सामान्य, 28 हदय, 36 मधुमेह, 4 नेत्र, 4 अस्थि/फिजियोथेरेपी, 2 दंत) वि ोषज्ञों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण कर परामर्श दिया। इसी क्रम में 4 नागरिकों को एक्यूप्रे ार थेरेपी चिकित्सा पराम र्ा दिया गया। इस शिविर में बायोमास इंडेक्स एवं $HbA_1C$ जांचे सन फार्मा की ओर से की गई जो नियमित रूप से आगे भी जारी रहेगी। आगामी **पच्चीसवां शिविर 19 जुलाई 2015 रविवार प्रातः 10 से 12 बजे तक आयोजित होगा।**

### प्रबुद्ध चिंतन प्रकोष्ठ

विज्ञान समिति के प्रबुद्ध चिंतन प्रकोष्ठ की मासिक बैठक दिनांक 20 जून 2015 भानिवार को सायं 5 बजे विज्ञान समिति सभागार में आयोजित हुई। इस बैठक में दे ा के अतिमहत्वपूर्ण विषय **''मोदी सरकार का एक वर्ष : तथ्यात्मक विवेचना ''** पर चिंतन एंव मनन हुआ।

प्रत्येक सोमवार को **मंथन बैठकें** भी आयोजित हुई जिसमें समसामयिक विषयों पर विचार – विमर्श हुए।

### दर्शन विज्ञान प्रकोष्ठ

इस प्रकोष्ठ की बैठक दिनांक 13 जून को हुई। इस बैठक में **इंजी. जगतसिंह पोखरना** ने **''सम्यक चारित्र की ओर''** विषय पर वार्ता प्रस्तुत की। चारित्र के व्यावहारिक पक्ष को सदस्यों ने काफी सराहा और चर्चा में भाग लिया।

### इंजीनियर ललित बक्षी षष्ठम स्मृति व्याख्यान

**विज्ञान समिति, बक्षी परिवार, महावीर इंटरनेशनल, भटनागर सभा एवं एम.बी. कॉलेज पूर्व छात्र परिषद,** उदयपुर के संयुक्त तत्वावधान में इंजी. **ललित बक्षी षष्ठम स्मृति व्याख्यान में डॉ. महीप भटनागर-पूर्व अधिष्ठाता, विज्ञान महाविद्यालय उदयपुर** ने **''सीखने एवं स्मृति के संदर्भ में हमारे मस्तिष्क की कार्य प्रणाली''** विषय पर प्रभावी, ज्ञानवर्द्धक एवं उपयोगी व्याख्यान पॉवर पॉइन्ट से दिया। बक्षी परिवार से पिछले दो वर्षों की भांति 15,000/– का चैक छात्राओं को छात्रवृति के लिए **श्री सलील बक्षी** की ओर से प्राप्त हुआ।

### केलवा प्रोजेक्ट

**श्रद्धा** के 20वें अंक (जून) का प्रकाशन हुआ। केलवा, मुम्बई, उदयपुर तथा अन्य स्थानों पर वितरित किया गया।

### अन्य बिन्दु

- **विश्व पर्यावरण दिवस** 5 जून को विज्ञान समिति, एम.बी. कॉलेज पूर्व छात्र परिषद, वरिष्ठ नागरिक परिषद, सजीव सेवा समिति आदि संस्थाओं के संयुक्त तत्वावधान में कार्यक्रम आयोजित हुआ। सवेरे सुखाड़िया सर्कल पर सदस्यों ने पार्क की सफाई की। मेयर **श्री चंदसिंह कोठारी** भी शामिल हुए। उन्हें 5 सूत्री ज्ञापन भी दिया। शाम को फतहसागर पर रेली आयोजित हुई व पत्रक बांटे तथा वन विभाग के कार्यक्रम में शामिल हुए।

- **अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस** 21 जून को विज्ञान समिति एवं एम.बी. कॉलेज पूर्व छात्र परिषद/एल्युमिनी के संयुक्त तत्वावधान में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। योग क्रियाओं से स्वस्थ जीवन यापन विषय पर **वैद्य शोभालाल जी औदिच्य** ने सारगर्भित एंव रोचक वार्ता दी। उपस्थित सदस्यों के प्रश्नों का उत्तर दिया।

### सदस्यों संबंधी

- हमारे संरक्षक सदस्य **श्री गणेश डागलिया** 29 जून को **पड़ नाना** हुए(उनकी पौत्री को पुत्र जन्म)। हार्दिक बधाई।

- हमारे कोषाध्यक्ष **श्री लक्ष्मीलाल चन्डाल्या** के पौत्र **श्री संगीत को आई.आई.टी. ( एडवांस ) परीक्षा में 848वां** स्थान प्राप्त हुआ। उदयपुर जिले में चौथा स्थान रहा। आई.आई.टी. गोहाटी में ''मेथ्स एवं कम्प्यूटर साईंस में प्रवेश लिया। परिवार को हार्दिक बधाई।

- हमारे पूर्व सदस्य **स्व. डॉ. विरेन्द्र सिंह कावड़िया** की पत्नी **श्रीमती तारा कावड़िया** असाध्य बिमारी से घर पर ही स्वास्थ्य लाभ कर रही है। शीघ्र स्वास्थ्य लाभ हेतु शुभकामनाएं।

# विज्ञान समिति की 55 वर्षीय यात्रा एक नजर में

विज्ञान केन्द्र केलवा में – तीन वर्ष
लोक विज्ञान पत्रिका(त्रैमासिक) – तीन वर्ष
लोक विज्ञान पत्रिका(मासिक) –18 वर्ष
मावली पं.स. चंदेसरा पंचायत में 60 हैक्टर में वन विकास (आर्थिक सहयोग विभिन्न स्रोत)
इडारा (महिला विकास इकाई, राज्य सरकार) – 13 वर्ष
मशरूम योजना (राज्य सरकार) – 10 वर्ष
वर्मीकम्पोस्ट योजना (राज्य एवं केंद्र सरकार) – 10 वर्ष
विज्ञान ग्राम योजना (राज्य सरकार) – 15 वर्ष
स्वास्थ्यकर्मी योजना (राज्य सरकार) – 2 वर्ष
कृषि प्रसार योजना (भारत सरकार) – 5 वर्ष
लाइवली हुड मिशन के प्रशिक्षण (8) – 3 वर्ष
महिला समूहीकरण – 115 समूह (1700 महिलाएं) 5 वर्ष

| | |
|---|---|
| संगोष्ठियां, कार्यशालाएं, विशिष्ट वार्ताएं एवं विशिष्ट कार्यक्रम, विज्ञान मेले एवं फील्ड डेज गांवों में, प्रदर्शनियां, क्विजेज, प्रकाशन<br>**दिवस समारोह**<br>स्वतंत्रता दिवस, गणतंत्र दिवस, अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस, पर्यावरण दिवस, विज्ञान दिवस – परिसर में आने के बाद से लगातार)<br>प्रौद्योगिकी दिवस – 2003 से | समय-समय पर प्रारम्भ से अब तक |

### वर्तमान में चल रहे कार्यक्रम

दैनिक डायरी – 2001 से
घणोली गांव का विकास – 2001 से
दर्शन विज्ञान प्रकोष्ठ – 2008 से
एक्यूप्रेशर चिकित्सा शिविर – 2008 से सप्ताह में दो बार
महिला नवाचार प्रकोष्ठ– मासिक बैठक 2009 से
वरिष्ठ महिला प्रकोष्ठ – मासिक बैठक 2010 से
ग्रामीण महिला चेतना शिविर – मासिक बैठक 2011 से
महिला समृद्धि कोष – 2011 से (महिलाओं को छोटे ऋण)
केलवा में स्वर्ण जयन्ती का प्रथम समारोह -2011
(आचार्य श्री महाश्रमण एवं साध्वी कनकप्रभा जी के सान्निध्य में)
विज्ञान स्थायी प्रदर्शनी – 2011 से
जैल में सम्बोधन कार्यक्रम– प्रत्येक वर्ष 2 जून को 2011 से
प्रबुद्ध चिंतन प्रकोष्ठ मासिक बैठक– 2013 से
बहुसंकायी चिकित्सा शिविर– 2013 से (हर तीसरे रविवार)
विज्ञान पढ़ने वाली स्कूली छात्राओं को छात्रवृतियां – 2013
ग्रुप विजिट – 2014 से
महिला सेवा प्रकोष्ठ –2014 से

**नियमित प्रकाशन–**

लोक विज्ञान चार पृष्ठीय मासिक बुलेटिन – 2007 से
लहर(ग्रामीण महिलाओं के लिए) मासिक – 2011 से
मासिक रिपोर्ट – 2002 से
अन्य प्रकाशन समय समय पर

### केम्पस



भूमि अधिग्रहण यू.आई.टी. से – 1971
भवन निर्माण– 4 फेज में
प्लांटेशन एवं लॉन डेवलपमेंट
फर्नीचर–फिक्शचर्स

### सदस्यता

बहुसंकायी उच्च शिक्षाप्रद बहुअनुभवी आजीवन सदस्य
संरक्षक सदस्य– चार श्रेणियों में(योगदान अनुसार)

### कार्यालय

1. 443, भुपालपुरा, उदयपुर – डॉ. के.एल. कोठारी निवास
2. 115, भुपालपुरा, उदयपुर – डॉ. के.एल. कोठारी निवास
3. वेटेरिनरी केम्पस में डॉ. के.बी. शर्मा का राजकीय आवास
4. समिति के स्वयं के परिसर में – 1986 से (आधुनिक सुविधाएं)
5. दैनिक कार्यालय समय – प्रातः 10 बजे से 2 बजे तक

### संस्थाओं को सहयोग ( केम्पस उपलब्ध कराने में )

1. अशोकनगर महावीर जयन्ती समिति
2. अणुव्रत समिति
3. महाराणा भूपाल कॉलेज पूर्व छात्र परिषद
4. महावीर इन्टरनेशनल, उदयपुर(आंशिक)
5. वरिष्ठ नागरिक परिषद (कार्यकारिणी बैठकें)
6. आचार्य भिक्षु आलोक संस्थान, केलवा को विभिन्न रूप में
7. स्वास्थ्य कार्यक्रम, धार्मिक प्रवचन एवं उठावणों के लिए

**स्वैच्छिकता, पारदर्शिता, सेवा भावना की निरंतरता**

**हमारे वरिष्ठ संरक्षक सदस्य डॉ. यशवन्त कोठारी एवं हमारी उपाध्यक्षा श्रीमती पुष्पा जी के परिणय के 50 वर्ष की पूर्णता पर आयोजित समारोह काफी भव्य रहा। विज्ञान समिति की ओर से इस स्वर्ण जयन्ती समारोह की बहुत-बहुत बधाई। विज्ञान समिति यह भी शुभकामना करती है कि यह दिवस बार बार आवे।**

## विज्ञान समिति की स्वर्ण जयन्ती एवं संस्थापक डॉ. के.एल. कोठारी का मंगल भावना समारोह

उपरोक्त कार्यक्रम विज्ञान समिति के सभागार में डॉ. के.एल. कोठारी के 80 वर्ष की पूर्णता पर दिनांक 30 जून 2015 मंगलवार सायंकाल 6 बजे से आयोजित हुआ जिसमें डॉ. गिरिजा व्यास पूर्व केन्द्रीय मंत्री, डॉ. के.एन. नाग पूर्व कुलपति राजस्थान कृषि वि.वि. बीकानेर एवं डॉ. एस.एल. मेहता पूर्व कुलपति महाराणा प्रताप कृषि वि.वि. एवं डॉ. बी.पी. भटनागर पूर्व कुलपति जनार्दन राय नागर, राजस्थान विद्यापीठ विश्वविद्यालय विशिष्ठ अतिथि थे। सभा में अनेक प्रबुद्ध एवं गणमान्य नागरिकों (लगभग 300) की उपस्थिति थी। गरिमामय वातावरण में डॉ. के.एल. कोठारी का सम्मान किया गया एवं स्मारिका **'साकार सपना'** का विमोचन हुआ । सभी वक्ताओं ने डॉ. कोठारी के योगदान की भूरि-भूरि प्रशंसा की तथा विज्ञान समिति के कार्यकलापों को जनहित में उपयोगी बताया । कार्यक्रम में कई कविता पाठ भी हुए। कार्यक्रम उपरान्त स्नेह भोज का आयोजन हुआ। संपूर्ण कार्यक्रम कार्यक्रम समिति के चेयरमेन डॉ. के.बी. शर्मा के नेतृत्व में नियोजित और क्रियान्वित हुआ।

### जन्मदिन की बधाइयाँ (जुलाई -अगस्त माह)




| | | | |
|---|---|---|---|
| Dr. Lalit Kumar Kothari | 01/07 | Dr. K.B.Sharma | 28/07 |
| ShriR.K. Bhargavs | 01/07 | Smt. Shakuntala Dhakar | 04/08 |
| Shri Pawan Kothari | 05/07 | Shri Munish Goyal | 04/08 |
| Dr. Surendra Changani | 06/07 | Shri Raj Lodha | 14/08 |
| Shri S.L. Bapna | 08/07 | Shri B.M. Dixit | 14/08 |
| Smt.Chandrakanta Bhandari | 08/07 | Shri N.C. Jain | 22/08 |
| Dr. L.L. Dhakar | 14/07 | Shri R.K.Bolia | 23/08 |
| Smt. Manjula Sharma | 20/7 | Shri Parag Kothari | 28/08 |
| Sh. D.C. Kothari | 24/07 | Shri Rakesh Samar | 31/ 08 |

**समिति परिसर में जन्मदिन मनाने के लिए आप सादर आमन्त्रित हैं।**

### जन्म दिन मनाया

प्रो. एन.एल. गुप्ता का 88वां जन्म दिन केन्द्रीय कारागृह के केदियों के साथ वार्ताएं हुई। उनको कुछ जानकारियां दी। प्रार्थनाएं गाई। प्रश्न पूछे, सही जवाब देने वाले को पारितोषिक के रूप में धार्मिक पुस्तकें दी। यह कार्यक्रम वहां रखने का उद्देश्य समझाया। कार्यक्रम डेढ़ घंटे तक बहुत अच्छे वातावरण में चला।

दूसरे दिन 3 जून को विज्ञान समिति में गुप्ता सा. का जन्म दिन मनाया गया। हार्दिक बधाई

## विज्ञान समिति के जुलाई माह के कार्यक्रम

- **मासिक प्रकाशन :** लोकविज्ञान, ग्रामीण महिलाओं के लिए लहर तथा मासिक रिपोर्ट का नियमित प्रकाशन
- **नियमित स्वास्थ्य सेवाएं**
  * एक्यूप्रेशर चिकित्सा : प्रत्येक गुरुवार व शनिवार को सायंकाल 5 से 6.30 समिति परिसर में
  * श्री बिजय कुमार सुराणा निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविरः समिति परिसर में तीसरे रविवार को 19 जुलाई 2015 प्रातः 10 से 12
- **नियमित मासिक गतिविधियां**

| | | | |
|---|---|---|---|
| * दर्शन विज्ञान दिवस(डॉ. डी.एस. कोठारी का जन्म दिन) संगोष्ठी | दिनांक 06 जुलाई 2015 | प्रातः 9.00 | बजे से |
| * नवाचार महिला प्रकोष्ठ मासिक बैठक | दिनांक 10 जुलाई 2015 | प्रातः 11.00 | बजे से |
| * प्रबुद्ध चिंतन प्रकोष्ठ मासिक बैठक | दिनांक 19 जुलाई 2015 | प्रातः 9.30 | बजे से |
| * वरिष्ठ महिला प्रकोष्ठ मासिक बैठक | दिनांक 20 जुलाई 2015 | प्रातः 11.00 | बजे से |
| * ग्रामीण महिला चेतना शिविर | दिनांक 30 जुलाई 2015 | प्रातः 11.00 | बजे से |
| * अन्य निर्णय होने पर | | | |

**सौजन्य :- श्रीमान् मदनसिंह जी-श्रीमती लीला जी सुराना, 8-सी, मधुबन, उदयपुर**

Quick Print Service # 94147 36608